## सराहनीय कार्य, जनपद –जालौन

## दिनांक – 13.08.2025

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना नदीगांव पुलिस द्वारा बकरी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को नगद रुपये एवं 01 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 09.05.2025 को श्री कालका प्रसाद पुत्र चोखेलाल नि0 ग्राम कुरचौली थाना नदीगांव जनपद जालौन द्वारा थाना नदीगांव में तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा 12 बकरियां चोरी करने लेना। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नदीगांव में मु0अ0सं0 59/25 धारा 303(2) भादवि पंजीकृत कराया गया था।

दिनांक 13.08.2025 को थाना नदीगांव पुलिस द्वारा रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए, घटना मे शामिल 02 अभियुक्तों को ग्राम बावली के पास से संदिग्ध अवस्था में पकडा गया। जिसमें अभियुक्त शत्रुघन उर्फ रामसहोदर के कब्जे से एक अदद चाकू व 5100/- रु0 तथा समीर उर्फ सम्मी के कब्जे से 5400/- रु0 नगद बरामद किये गये।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा द्वारा बताया कि हम लोग सड़क के किनारे चरवाहों की बकरे/बकरी चोरी करते हैं तथा पिकअप में डालकर भाग जाते तथा उन्हें बेंचकर जो पैसा प्राप्त होता है, उसे हम अपनी जरूरतों एवं शौक पर खर्च कर देते हैं। दिनांक 07.05.2025 की रात को भी इसी तरह ग्राम कुरचौली में 12 बकरियां चोरी की थी, उन बकरियों को हमने लहार बाजार में बेच दिया है। आज हम लोग इसी तरह अन्य घटना करने वाले थे कि आप लोगों नें पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-**

1. शत्रुघन उर्फ रामसहोदर पुत्र अमर चन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मो0 खुडे कस्वा व थाना डकोर जनपद जालौन
2. समीर उर्फ सम्मी पुत्र जाकिर अंसारी उम्र करीब 20 वर्ष नि0 मो0 भगतसिंह नगर कस्वा व कोत0 कोंच जनपद जालौन

**अभियुक्त शत्रुघन उर्फ रामसहोदर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1- मु0अ0सं0 96/2025 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना नदीगांव जनपद जालौन
2- मु0अ0सं0 59/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना नदीगांव जनपद जालौन
3- मु0अ0सं0 119/2023 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रि0क0(नि0) अधि0 थाना डकोर जनपद जालौन
4- मु0अ0सं0 23/2023 धारा 120 बी/147/302/34/364 भादवि थाना डकोर जनपद जालौन
5- मु0अ0सं0 08/2024 धारा 386/504/506 भादवि थाना डकोर जनपद जालौन

**अभियुक्त समीर उर्फ सम्मी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1- मु0अ0सं0 168/2024 धारा 25/3/4 आयुध अधि0 310(4)/313 BNS थाना पूंछ **जनपद** झांसी
2- मु0अ0सं0 152/2024 धारा 305(a)/317(2) BNS थाना पूंछ **जनपद** झांसी
3- मु0अ0सं0 151/2024 धारा 305(a)/317(2) BNS थाना पूंछ **जनपद** झांसी

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 01 अदद चाकू
2. 10,500/- रु0 नगद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. थानाध्यक्ष नदीगांव मय टीम